तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार 16 मई 2026

10 टॉपर छात्रों को खुली जीप में बैठाकर जुलूस निकाला



10 अत्यधिक एवं असंतुलित रासायनिक उर्वरकों...





## खबर संक्षेप

### रा.कालेज में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया

**जींद।** संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में एनएसएस एवं ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्लास्टिक मुक्त अभियान का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज पर्यावरण के लिए गंभीर समस्या बन चुका है। छात्रों को स्वच्छता अपनाने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि हर विद्यार्थी का कर्तव्य है कि आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने में योगदान दे।

### सद्भाव यात्रा से होगा प्रदेश में बड़ा बदलाव

**उचाना।** कांग्रेस नेता राममेहर दनौदा ने कहा कि सदभाव यात्रा को निरंतर लोगों को जन समर्थन मिल रहा है। रोहतक में 23 मई को यात्रा का समापन होगा। बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में बीते करीब छह महीनों से सदभाव यात्रा चल रही है। यात्रा को मार्गदर्शन पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह को मिला है। यात्रा को मिल रहा लोगों के जनसमर्थन से प्रदेश में आने वाले दिनों में बड़ा बदलाव होता नजर आएगा। सत्तापक्ष के नेताओं की रातों की नींद यात्रा ने उड़ा दी है। यात्रा के दौरान बेबाक तरीके से अपनी बातों को रखने का काम बृजेंद्र सिंह कर रहे है।

### जेआईईटी के सहयोग से एप्टीट्यूड टेस्ट

**जींद।** संत शिरोमणी श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय जींद के प्लेसमेंट सेल द्वारा जेआईईटी के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए एक एप्टीट्यूड टेस्ट का आयोजन किया गया। टेस्ट आगामी जिला स्तरीय प्लेसमेंट ड्राइव जो जेआईईटी परिसर में आयोजित की जानी है, हेतु योग्य अभ्यर्थियों के चयन के उद्देश्य से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक के संरक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संयोजन डॉ सुनीता मेहरा द्वारा किया गया। एप्टीट्यूड टेस्ट के माध्यम से विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, गणितीय योग्यता, विश्लेषणात्मक सोच एवं भाषाई दक्षता का मूल्यांकन किया गया।

### शिव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथामृत कल से

**जींद।** रोहतक रोड स्थित शिव मंदिर में 17 मई से 23 मई तक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन गीता भागवत प्रचार सेवा ट्रस्ट वृंदावन के मार्गदर्शन मे आयोजित किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन का संचालन शकुंतला वैष्णवी एवं राजेंद्र वैष्णव परिवार द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कथा वाचक इंदु वैष्णवी श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा सुनाएंगी। कथा प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से श्री हरि इच्छा तक चलेगी।

### रा. कालेज का वार्षिक दीक्षांत समारोह 18 को

**जींद।** संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालयए का 59वां पारितोषिक वितरण समारोह 18 मई को और 56वां दीक्षांत समारोह 19 मई को बड़े ही हर्ष उल्लास से मनाया जा रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य सत्यवान मलिक के ने बताया कि 18 मई को 59वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें सत्र 2022-25 के पास आउट स्टूडेंट्स को उनकी उपलब्धियों के अनुसार सम्मानित किया जाएगा। बताया कि 19 मई को 56वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में यूजी कक्षाओं के सत्र 2022-25 तथा पीजी कक्षाओं के सत्र 2023-25 पास आउट स्टूडेंट अपनी डिग्री प्राप्त करेंगे।

### शहीद सुखदेव की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

**जींद।** किसान छात्र एकता संगठन द्वारा महान क्रांतिकारी शहीद सुखदेव की जयंती पर विवि परिसर में पुष्प अर्पित कर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी छात्र नेता गोविंद सैनी के नेतृत्व में आयोजित हुई। छात्र नेता गोविंद ने कहा कि शहीद भगत सिंह, सुखदेव राजगुरु केवल नाम नही बल्कि देश के युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। इन महान क्रांतिकारियों ने आजादी के लिए प्राण न्यौछावर कर दिए पर आज भी शैक्षणिक संस्थानों में शहादत दिवस को सम्मान नहीं दिया जाता जिसके वे हकदार हैं।

## एमडीएन स्कूल अलीपुरा में होनहारों को सम्मानित किया

# टॉपर छात्रों को खुली जीप में बैठाकर जुलूस निकाला

### खुशी ने 96, गौरव ने 94, विनय ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

**33 में से 30 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

एमडीएन स्कूल अलीपुरा में होनहार विद्यार्थियों को कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। पांच गांवों में विद्यार्थियों के साथ खुली जीप में टॉप स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बैठा जुलूस निकाला गया। खुशी ने 96, गौरव ने 94, विनय ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। 33 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। 30 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। स्कूल संचालक योगेश शर्मा, प्रिंसिपल सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई दे उज्वल भविष्य की कामना की। 10वीं कक्षा में आरकेएसडी स्कूल तारखा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यार्थियों को कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया। 24 विद्यार्थियों में से 18 ने मेरिट प्राप्त की। 6 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान पाया। तन्नू एवं राशि ने 453, दीपांशु ने 438, कुश ने 431 अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप-3 में स्थान पाया। स्कूल संचालक एवं प्राचार्य नरेंद्र वत्स ने कहा कि विद्यार्थियों, स्कूल स्टॉफ की कड़ी मेहनत से शानदार परीक्षा परिणाम आया है। होनहार विद्यार्थियों में गर्व है। इस मौके पर वाइस चेयरमैन कर्ण सिंह गिल, सतीश, मनोज, कप्तान, जसबीर, जगबीर, कीर्ति, टीना, रेणू, कृष्ण, रमेश, रीतू मौजूद रही।



उचाना। एमडीएन स्कूल में सम्मानित किए गए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



उचाना। आरकेएसडी स्कूल तारखा में सम्मानित किए होनहार विद्यार्थी।

### प्रदेश में चेतना ने पाया 9वां स्थान

स्वामी विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कसूहन का 10वीं कक्षा का परिणाम शानदार रहा। चेतना पुत्री संदीप ने 491 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त किया। राजप्रिया कालता ने 476, इच्छा खटकड़ ने 469 अंक प्राप्त किए। 15 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। 7 विद्यार्थियों ने संस्कृत में 100-100 अंक प्राप्त किए। प्राचार्य संजय शर्मा ने कहा कि चेतना ने प्रदेश में स्थान प्राप्त करके स्कूल, माता-पिता, क्षेत्र का नाम रोशन किया है।


उचाना। स्वामी विवेकानंद स्कूल कसूहन में सम्मानित किए गए विद्यार्थी।


जींद। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### एसके सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

**जींद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा जारी दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम एस के सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिवानी रोड छात्रों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है। अच्छे परीक्षा परिणाम से स्कूल मे जश्न का माहौल बना रहा। स्कूल के निदेशक राधे श्याम शर्मा ने बताया कि विद्यालय की दो छात्राओं दीक्षा एवं साक्षीने 500 में से 489 अंक प्राप्त करके बोर्ड में 11वां स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के 30 छात्रों में से 20 छात्रों ने मेरिट में स्थान बनाया है। जबकि अन्य छात्रों ने 60 से 74 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि 12वीं कक्षा की छात्रा खुशी ने 478 अंक प्राप्त करके विद्यालय तथा माता पिता का नाम रोशन किया है। राधेश्याम शर्मा ने शानदार परिणाम का श्रेय छात्रों तथा अध्यापकों की मेहनत तथा माता-पिता के सहयोग को दिया है। उन्होंने कहा कि स्कूल में अनुभवी स्टाफ के साथ अच्छी लैब, लाईब्रेरी तथा अन्य सुविधाए उपलब्ध है। जिसका फायदा छात्रों को मिल रहा है।

## जींदः नव दुर्गा स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार : वृंदा शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नव दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम बहुत ही शानदार रहा। नव दुर्गा स्कूल के 78 विद्यार्थियों ने मैरिट में अपना स्थान बनाया। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रकाशित परिणाम में रौनक पुत्री अमरजीत ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम, सोहम पुत्र हेमचन्द ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके दूसरा, निधि पुत्री पवन कुमार व हिमांशी पुत्री पवन ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा 26 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस शानदार परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। चैयरमैन शिव नारायण व प्रधानाचार्या वृंदा शर्मा ने सभी अध्यापकों, अभिभावकों व सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। शिव नारायण शर्मा ने शानदार परीक्षा परिणाम आने का श्रेय प्रधानाचार्या वृंदा शर्मा, स्टाफ तथा विद्यार्थियों की लग्न व मेहनत को दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या व स्टाफ द्वारा छात्रों का फूल माला डालकर स्वागत किया गया तथा इस बडी उपलब्धि पर विद्यालय में लड्डू बांटे गए।


जींद। प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करते हुए।

## डीएन मॉडल स्कूल की छात्राओं का राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लैक्रोस फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लैक्रोस फेडरेशन कप का सफल आयोजन हिमाचल प्रदेश में 10 से 12 मई तक किया गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर की विभिन्न राज्यों की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ को 15-0 से पराजित किया। इसके पश्चात फाइनल मुकाबले में हरियाणा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए राजस्थान को 12-9 से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह उपलब्धि डीएन मॉडल स्कूल जींद के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। क्योंकि हरियाणा टीम की कप्तान विद्यालय की छात्रा खुशबु रही। उनके नेतृत्व में टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल अनुशासन एवं टीम भावना का परिचय दिया। टीम में विद्यालय की अन्य प्रतिभाशाली छात्राएं नैंसी, अन्नू एवं कनिष्का ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम के कोच राजपाल रेढ़ू ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता निरंतर अभ्यास और समर्पण का परिणाम है। विद्यालय के निदेशक विरेंद्र ढिल्लों ने सभी छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की खेल प्रतिभा और गुणवत्ता को दर्शाती है। विद्यालय की प्राचार्या मीनाक्षी गुप्ता ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया है।





उचाना। योगिता काकड़ोद को स्कूटी देकर सम्मानित करते एसडीएम रमित यादव।

### योगिता को बेटी गौरव पुरस्कार से किया सम्मानित


**उचाना।** 12वीं कक्षा में 497 अंक प्राप्त कर प्रदेश में तीसरे स्थान पर रही काकड़ोद गांव की योगिता पुत्री बलवान को उचाना बेटी गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया। सरपंच अशोक कुमार द्वारा इलेक्ट्रिक स्कूल देकर योगिता को सम्मानित किया। उपमंडल कार्यालय सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन उचाना सेवा ग्रुप द्वारा किया। मुख्य अतिथि एसडीएम रमित यादव रहे। अध्यक्षता शिक्षाविद रामचंद्र अत्री ने की। रमित यादव ने कहा कि जब बेटी शिक्षित, कामयाब होती है तो पीढ़िया बदल जाती है। जब कामयाबी मिलती है तो उसका फायदा पीढ़ियों को होता है। बेटी आज बेटे से कम नहीं है। योगिता ने अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करने के साथ-साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जीवन में आगे बढने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। जो लक्ष्य निर्धारित किया है उसको पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उचाना सेवा ग्रुप द्वारा जो इस तरह के आयोजन किए जाते है उससे बेटियों के साथ-साथ युवाओं को हौसला बढ़ता है। सरपंच अशोक कुमार ने कहा कि गांव की बेटी ने गांव का नाम रोशन किया है।

### संतुलित उर्वरक उपयोग एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# अत्यधिक एवं असंतुलित रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग के कारण मिट्टी की उर्वरता हो रही खत्म : डॉ. धीरज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा द्वारा हरियाणा कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (हमेटी) में संतुलित उर्वरक उपयोग एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला विस्तार विशेषज्ञ मृदा विज्ञान डा. धीरज पंघाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान डा. धीरज पंघाल ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में अत्यधिक एवं असंतुलित रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग के कारण मिट्टी की उर्वरता एवं उत्पादक क्षमता निरंतर प्रभावित हो रही है। बताया कि कई किसान केवल नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों का अधिक प्रयोग करते हैं। जबकि फसलों को नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों की संतुलित मात्रा में आवश्यकता होती है। असंतुलित उर्वरक प्रयोग से भूमि की संरचना कमजोर होती है, सूक्ष्म जीवों की सक्रियता घटती है तथा उत्पादन लागत में वृद्धि होती है। मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक प्रयोग पर विशेष बल देते कहा कि खेत की मिट्टी की जांच करवा कर उसकी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। इससे अनावश्यक उर्वरक खर्च कम होता है, फसल की गुणवत्ता बेहतर होती है तथा पर्यावरण संरक्षण में भी सहायता मिलती है।


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. धीरज। फोटो :हरिभूमि

#### अवशेष प्रबंधन का महत्व बताया

उन्होंने किसानों को प्रत्येक दो से तीन वर्ष में अपने खेत की मिट्टी की जांच करवाने की सलाह दी। डा. पंघाल ने जैविक पोषण स्रोतों जैसे गोबर की खाद, कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट, हरी खाद एवं फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी। कहा कि जैविक स्रोतों के प्रयोग से मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा बढ़ती है, जल धारण क्षमता में सुधार होता है तथा मिट्टी की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक गुणवत्ता बेहतर होती है।

## खबर संक्षेप

### गांव मालवी में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**जुलाना।** मालवी के पीएमश्री राजकीय स्कूल में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्या अंजू गोयल ने शिरकत की। छात्रों को संबोधित करते प्राचार्या अंजू गोयल ने कहा कि हरियाणा विद्यालय बोर्ड द्वारा 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। स्कूल के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते स्कूल और गांव का नाम रोशन किया है। स्कूल पहुंचने पर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य अंजू गोयल ने बताया कि स्कूल की 12 वीं कक्षा की छात्रा काफी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 96.8 अंक लेकर खंड में प्रथम स्थान हासिल किया है। विशु ने 95 % अंक लेकर दुसरा और बुलबुल ने 91 % अंक लेकर स्कूल में तीसरा स्थान हासिल किया है। दसवीं कक्षा में दीपिका ने 94 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, मन्नु ने 91 प्रतिशत अंकर लेकर दुसरा और चिराग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

### एमडीएन स्कूल के छात्र वंश ने पाया तृतीय स्थान



**नरवाना।** नरवाना के एमडीएन पब्लिक स्कूल के छात्र वंश ने हरियाणा बोर्ड की दसवी कक्षा के परीक्षा परिणाम मे तृतीय स्थान प्राप्त किया है। स्कूल की प्राचार्या सीमा ने बताया कि स्कूल की छात्रा गरिमा ने बोर्ड परीक्षा में आठवां स्थान हासिल किया। स्कूल प्रबधन समिति ने छात्राओ का जलूस भी निकाला गया। आर्य समाज संस्थाओं के प्रधान चंद्र कांत शर्मा ने सभी बच्चों को मेरिट लिस्ट में नाम दर्ज होने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्थान की प्रबंधन समिति के सदस्य नवीन आर्य, संजय एडवोकेट सुरेश एडवोकेट, सतीश आर्य, मनजीत स्कूल स्टाफ अभिभावक गण मौजूद रहे।

### एसडी महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने गाड़े झंडे



**नरवाना।** जवाहर नवोदय विद्यालय खूंगा कोठी मे संम्पन हुए हरियाणा बटालियन एनसीसीए दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एसडीए महिला महाविद्यालय नरवाना की कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल ने बताया कि कैडेट्स ने न केवल अनुशासन सीखा, बल्कि विभिन्न विधाओं में पदक भी जीते सांस्कृतिक कार्यक्रम मे कॉलेज की छात्राओं ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। कैडटस ने आर्टिकल राइटिंग, अनुच्छेद लेखनद्ध और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने पदक जीते। कॉलेज पहुंचने पर विजेता कैडेट्स का भव्य स्वागत किया गया।

### आर्य कन्या कालेज का परिणाम रहा सराहनीय

**नरवाना।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं के परिणाम में आर्य कन्या महाविद्यालय नरवाना का परीक्षा परिणाम प्रदेशभर मे शानदार रहा है। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रार्चाय मीना कुमारी ने बताया कि 76 में से 63 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। तनिश ने 492 अंक प्राप्त कर हरियाणा में आठवां स्थान प्राप्त किया। काजल ने 489 अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय व खुशबू ने 487 अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 22 बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये है। 34 बच्चों ने विषय वार शत प्रतिशत अंक प्राप्त किये। परीक्षा परिणाम इस कड़ी में एक और मील का पत्थर है। परिणाम के लिए सभी विद्यार्थियों अभिभावकों, प्राचार्या व अध्यापिकाओं को बधाई दी है। वेदपाल आर्य, धर्मपाल आर्य, सतीश धतरवाल आर्य, ललित आर्य, पार्षद नवीन आर्य, भगवान दास आर्य, प्रभुदयाल आर्य यशपाल आर्य, राजपाल आर्य, मनजीत इत्यादि मौजूद रहे।

### एसडी कन्या महाविद्यालय का परिणाम शानदार

**नरवाना।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित में एसडी कन्या महाविद्यालय नरवाना का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। प्रधानाचार्य नीना गुप्ता ने बताया कि विद्यालय की छात्रा आरती 500 में से 489 अंक प्राप्त कर विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान एवं जाह्नवी ने 488 अंक प्राप्त कर द्वितीय, वर्षा 487 अंक तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रबधन समिति द्वारा सभी छात्राओं का स्वागत किया और पूरे विद्यालय में लड्डू बांटे बताया कि इस वर्ष 125 छात्राओं मे से 81 छात्राओं ने मेरिट स्थान बनाया है। 41 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से पास की है। 26 बच्चो ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए है। प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेश सिंघल, उप प्रधान राजकुमार गोयल, महासचिव जियालाल गोयल, कोषाध्यक्ष धर्मवीर गर्ग अभिभावकों एवं समस्त विद्यालय स्टाफ को बधाई दी है।

### योगिता ने किया उचाना का नाम रोशन : सुरेंद्र

**उचाना।** मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने काकड़ोद गांव योगिता के निवास पहुंच कर सम्मानित किया। योगिता काकड़ोद ने 12वीं कक्षा में 497 अंक प्राप्त कर प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया। सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि योगिता ने उचाना का नाम रोशन करने का काम किया है। अभिभावकों को चाहिए कि वो बेटियों को प्रोत्साहित करते रहे ताकि वो हर क्षेत्र में नाम रोशन करें। 10वीं, 12वीं कक्षा के परिणामों में बेटियों ने बाजी मारी है। इस मौके पर शीशपाल, हरिकेश चहल, संजय सैन मौजूद रहे। शिरड़ी साई स्कूल डोहाना खेड़ा का 10वीं कक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल संचालक मदन लाल जेई ने बताया कि परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। दीक्षा पुत्री विनोद कुमार ने 487 अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के विद्यार्थी निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल का नाम रोशन कर रहे है।

### जींद में कल नृत्य कलाकारों का होगा हंगामा

**जींद।** शहर की सामाजिक संस्था सृष्टि फाउंडेशन द्वारा आयोजित जींद जिले के सबसे बडे सोलो डांस कॉम्पिटिशन नटराज उत्सव को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्कंठा दिखाई दे रही है। सृष्टि फाउंडेशन के प्रवक्ता बलविंदर सिंह के अनुसार रविवार 17 मई को दोपहर दो बजे हिंदू कन्या महाविद्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित डांस के इस महायुद्ध में नृत्य कलाकार अपनी अपनी शानदार नृत्य शैली का उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपनी नृत्य कला को पेश करेंगे। कार्यक्रम के परियोजना निर्देशक केपी सिंह एवं आशीष भारद्वाज ने बताया कि प्रतियोगिता में आठ साल से नीचे, 8-12, 12-16, 16-24, 24 वर्ष से ऊपर तथा कोरियोग्राफरए डांस गुरु श्रेणियों में प्रतियोगिता होगी। सृष्टि के संयोजक डा. विवेक सिंगला व प्रधान सुनील गोयल ने बताया कि नटराज उत्सव कार्यक्रम में मेट्रो अस्पताल के डायरेक्टर डा. सुरेन्द्र चौधरी एवं डा. पूजा बंसल मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### डिप्टी स्पीकर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**जींद।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने अपने आवास पर आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में क्षेत्र से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र और प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए लोगों ने पेयजल, बिजली, सड़क, सफाई व्यवस्था, पेंशन, राजस्व मामलों सहित विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दे डा. मिड्ढा के समक्ष रखे। डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए और कहा कि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक मामले का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए हिंदू कन्या महाविद्यालय में फीस छूट

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में नारी शिक्षा को नई दिशा देने के साथ-साथ छात्राओं की सुरक्षा और समग्र विकास के सदैव प्रतिबद्ध रहा है। महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः सरल, पारदर्शी एवं छात्र हितैषी है। जिससे नई छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ता। कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर ने बताया कि महाविद्यालय की प्रबंधक समिति द्वारा मेधावी एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु पिछले दो वर्षों से फीस में छूट की विभिन्न योजनाएं लागू की गई है। शैक्षणिक क्षेत्र में 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रों को फीस में बिना किसी शुल्क के पूर्णरूप से मुफ्त दाखिला दिया जाएगा।

### गांव ढाठरथ में जलघर व पेयजल के लिए सैंपल

**जींद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की संयुक्त टीम द्वारा ढाठरथ में शुक्रवार को जल संरक्षण अभियान के तहत पेयजल व जलघर में पानी के सैंपल लिए। ग्रामीणों को संबोधित करते जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि जल संरक्षण अभियान के लिए ग्रामीणें की जागरूकता व सहभागिता बहुत जरूरी है। इस अभियान में जितनी अधिक लोगों की भागीदारी होगी, यह अभियान उतना ही अधिक कामयाब होगा। मताना ने कहा कि आज विभाग की सयुंक्त टीम द्वारा ढाठरथ में जल संरक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत घर-घर जाकर पेयजल आपूर्ति चैक की गई। ऐसे उपभोक्ताओं को जागरूक किया जिन्होने पेयजल नलों पर टेप नही लगाई गई थी। इस मौके पर ग्रामीणें को जल संरक्षण के साथ-साथ स्वच्छ पेयजल के बारें में भी बताया गया। टीम द्वारा मौके पर ही पेयजल की जांच करके उपभोक्ताओं को क्लोरिनेशन के बारे में बताया गया।

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूचियों का पांच से होगा गहन पुनरीक्षण

**कैथल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला कैथल की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम निर्धारित समयावधि में संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत 807 बीएलओ द्वारा मतदाता सूचियों का घर-घर जाकर सत्यापन किया जाएगा। बताया कि एसआईआर की मलिफाइंग तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। इसके तहत बीएलओ का प्रशिक्षण एवं आवश्यक सामग्री वितरण 5 से 14 जून तक किया जाएगा, जबकि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन 15 जून से 14 जुलाई तक, मतदान केंद्रों को रेशनलाइजेशन 14 जुलाई तक, ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा।

### दुकान से 820 प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सैल ने दुकान से 820 प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप की अगुवाई में एसआई बलराज सिंह की टीम को जानकारी मिलने उपरांत चेतन वर्मा, डॉ सचिन मान्डले, डॉ अजय कुमार व डॉ हमिता की टीम ने जनकपुरी कालोनी कैथल में स्थित मेडिकल स्टोर भारत बॉयोकोम पर दबिश दी जहां संदिग्ध जनकपुरी कालोनी कैथल निवासी राजबीर सिंह व जखोली निवासी सुखदेव सिंह मेडिकल स्टोर पर मिले थे।

### बोली विवाद में एक घायल बाप-बेटे के खिलाफ केस

**कैथल।** गांव काकौत में पंचायती जमीन के ठेके की बोली के दौरान विवाद में एक व्यक्ति पर गंडासी से हमला कर दिया है। शिकायत पर तितरम थाना पुलिस ने आरोपी बाप-बेटे पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुरेंद्र ने बताया कि 13 मई को वह गांव के पंचायती भवन में ठेके की बोली के लिए गया था। वहां रविंद्र और उसका बेटा अभिषेक किसी बात को लेकर उसे गालियां देने लगे। कुछ देर बाद पंचायत भवन के बाहर रविंद्र ने गंडासी से उस पर हमला कर दिया। बचाव दौरान वार सिर व हाथ पर लगा, जिससे वह जमीन पर गिर गया। इसके बाद अभिषेक ने उसके साथ मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गए और मारने की धमकी दी। जांच अधिकारी एएसआई संजय कुमार ने बताया कि आरोपी बाप व बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आईईएलटीएस सेंटर के बाहर से बाइक चोरी

**कैथल।** चीका में आईईएलटीएस सेंटर के बाहर से बाइक चोरी हो गई। शिकायत पर चीका थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मस्तगढ़ के काबल सिंह ने बताया कि उसका बेटा जसकीरत सिंह गुहला रोड स्थित एक आईईएलटीएस सेंटर में पढ़ाई करने जाता है। 12 मई को वह रोज की तरह अपनी स्प्लेंडर बाइक सेंटर के बाहर खड़ी कर कक्षा में चला गया। करीब डेढ़ घंटे बाद जब वह बाहर आया तो बाइक वहां से गायब मिली। परिवार ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। जांच अधिकारी एएसआई सुरेंद्र कुमार ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जानलेवा हमला करने के आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग

# पशु चिकित्सकों पर हमले के विरोध में काले बिल्ले लगाकर जताया रोष

## हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो प्रदेशभर में आंदोलन का ऐलान

**जानबूझकर बेहद कमजोर धाराएं लगाने का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा स्टेट वेटरनरी एसो. ने हिसार स्थित हरियाणा वेटरनरी वैक्सीन संस्थान में सरकारी पशु चिकित्सकों पर हुए जानलेवा हमले के आरोपितों को तुरंत जमानत मिलने पर रोष जताया है। घटना के विरोध में सरकारी पशु चिकित्सकों ने काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी की प्रशासन के खिलाफ सार्वजनिक विरोध दर्ज कराया। एसो ने चेतावनी दी कि यदि हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नही की तो प्रदेशभर में आंदोलन तेज कर दिए जाएंगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। जिला अध्यक्ष डा. अजमेर ने कहा कि एचएसवीए ने स्वयं पुलिस अधीक्षक को इन गंभीर धाराओं को जोड़ने की मांग करते ज्ञापन सौंपा था लेकिन प्रशासन ने मामले की गंभीरता को नजरअंदाज कर दिया। व आरोपित की गिरफ्तारी महज औपचारिकता बनकर रह गई और उसे तुरंत जमानत मिल गई। इससे प्रदेशभर के पशु चिकित्सकों में भारी आक्रोश और असुरक्षा की भावना पैदा हुई है। एसो. ने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा जानबूझकर बेहद कमजोर धाराएं लगाई गई। जिससे आरोपित को तत्काल राहत मिल गई व पीड़ित अधिकारियों के साथ खुला अन्याय हुआ। साथ ही यह भी बताया कि मौके के उच्चाधिकारी ने आरोपित कर्मचारी को सस्पैंड कर दिया था व सस्पेंशन के दौरान मेवात हेडक्वार्टर की सिफारिश की थी। आरोप है की इसे नजरअंदाज किया गया व आरोपी को भिवानी नियुक्ति दी गई है।


जींद। काले बिल्ले लगा काम करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### कानून व्यवस्था पर हमला

एसो ने निदेशालय में पत्राचार कर तुरंत स्टेशन बदलने बारे भी सिफारिश की। एचएसवीए के जिला सचिव डा. संजीव ने कहा कि ये घटना केवल एक कर्मचारी विवाद नही बल्कि सरकारी अधिकारियों की सुरक्षा, सम्मान और कानून व्यवस्था पर हमला है। कहा कि जिस प्रकार आरोपित ने संस्थान के अधिकारियों के कमरे में घुस कर दरवाजा अंदर से बंद कियाए जान से मारने की धमकियां दी और एक अधिकारी की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कियाए वह स्पष्ट रूप से हत्या के प्रयास जैसी गंभीर श्रेणी का अपराध है। इसके बावजूद पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धारा हत्या का प्रयास एवं बलपूर्वक बंधक बनाने, सरकारी कार्य में बाधा एवं सरकारी कर्मचारी को ड्यूटी से रोकना, जैसी महत्वपूर्ण धाराएं शामिल नहीं की हैं।


जींद। दो दिवसीय हड़ताल पर बैठे ग्रामीण सफाई कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर प्रारंभ की दो दिवसीय हड़ताल, नारेबाजी

**जींद।** शहरी निकाय सफाई कर्मियों की हडताल समाप्त होते ही अब ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार से अपनी मांगों को लेकर लघु सचिवालय में दो दिवसीय हडताल शुरू की। अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा के जिला प्रधान गुलाब बिरौली व संचालन जिला सचिव पवन कुमार ने किया। हड़ताली सफाई कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हडताली कर्मियों को संबोधित करते सीटू जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र, सचिव कपूर सिंह, मंदीप नेहरा ने कहा कि प्रदेश की बीजेपी सरकार माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश की अनदेखी कर रही है। 31 दिसंबर 2025 के आदेशानुसार 10 साल की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को पक्का किया जाना था, जिसे सरकार ने अब तक लागू नही किया है। उन्होंने बताया कि वेतन 24 नवंबर 2024 को मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 26 हजार मासिक वेतन को एकमुश्त लागू करने के बजाय टुकड़ों में बांटने की कोशिश की जा रही है लेकिन ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को तो आज तक कुछ नहीं मिला है। मांग की कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को विधानसभा में बिल बना कर रेग्यूलर कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। वेतन को महंगाई भत्ते से जोड़ा जाए और सालाना तीन प्रतिशत की बढ़ोत्तरी सुनिश्चित हो। सेवानिवृत्ति पर 10 लाख की सहायता राशि और मृत्यु होने पर परिवार के सदस्य को नौकरी एक्सग्रेशिया नीति दी जाए। बढ़ती आबादी के अनुसार 400 की आबादी पर एक स्थायी सफाई कर्मचारी की भर्ती हो। आठ हजार वार्षिक वर्दी भत्ता और दिवाली पर कानूनी बोनस प्रदान किया जाए।


जींद। ई-रिक्शा में बैठकर लघु सचिवालय जाते डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा।

### जरूरत हो तो ही फोरव्हीलर का प्रयोग करें : डॉ. मिड्ढा

**जींद।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहित अपील को साकार करते शुक्रवार सुबह अपने निवास स्थान से ई रिक्शा में सवार होकर जींद लघु सचिवालय पहुंचे। इस दौरान उनकी सुरक्षा में तैनात सिक्योरिटी कर्मियों को भी साथ में ई रिक्शा में बैठा कर ले गए। डा. मिड्ढा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल और डीजल की बचत करने की अपील की थी। इस अपील को केवल शब्दों तक सीमित न रखते उन्होंने व्यवहार में उतारा। ई रिक्शा का उपयोग कर ईंधन बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। आमतौर पर सरकारी पदाधिकारियों को भारी सुरक्षा घेरे में आलीशान वाहनों में देखा जाता है लेकिन डा. मिड्ढा ने सादगी और संवेदनशीलता का परिचय देते सुरक्षा कर्मियों के साथ ई.रिक्शा में यात्रा की। स्थानीय लोगों ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि नेता अगर ऐसा व्यवहार करें तो आम आदमी का विश्वास बढ़ता है। डा. मिड्ढा का यह कदम सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को भी मजबूत करता है। इस घटना ने सोशल मीडिया पर भी काफी चर्चा बटोरी है। प्रयास करें कि ई रिक्शा का प्रयोग करें। ज्यादा जरूरत हो तो ही फोरव्हीलर का प्रयोग करें।


उचाना। बस में टिकट लेते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### टिकट लेकर बस से उचाना पहुंचे विधायक देवेंद्र अत्री

**उचाना।** पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा ईंधन बचत को लेकर की गई अपील का असर भाजपा नेताओं की कार्यशैली में दिखाई देने लगा है। भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का उचाना में जनता दरबार था। जींद बस स्टैंड से वो बस में सफर करके उचाना पालवां बस स्टैंड पहुंचे। यहां से ऑटो से पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह पहुंचे। बस में उनके साथ मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, यशपाल कसूहन, निजी सचिव अशोक कुमार, गौरव अत्री सहित अन्य ने सफर किया। पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद वापिस जींद भी बस से वो गए। विधायक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जो देश वासियों से आह्वान है उसके समर्थन में जींद से बस में उचाना आना हुआ। हमारा दायित्व बनता है राष्ट्रहित में जो भी होगा उसमें आगे बढ़ेंगे। कोरोना जैसी महामारी को भी पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हराया है। हम आश्वसत है पीएम नरेंद्र मोदी ने जो ईंधन बचाने की अपील की है पेट्रोल, डीजल की जो बचत करनी है उसको लेकर देश वासियों से जो आह्वान किया है उसमें आगे बढ़ेंगे। पूरा देश पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान का समर्थन करेंगे।

### ट्रेडिंग के नाम पर ठगी का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** साइबर थाना पुलिस टीम ने फर्जी ऑनलाइन निवेश करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से 20 हजार रुपये बरामद किए है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। साइबर थाना प्रभारी जगदीप सिंह ने शुक्रवार को जानकारी देते बताया कि गांव धमतान साहिब निवासी राममेहर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसने यूट्यूब पर ऑनलाइन ट्रेडिंग से संबंधित एक विज्ञापन देखा था । विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद वह एक व्हाट्सअप ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में ट्रेडिंग के माध्यम से अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया और उसके फोन में फिनवेव प्रो एप डाउनलोड करवा कर उसमें अकाउंट बनवाया। स्वयं को ट्रेडिंग विशेषज्ञ बताते हुए उसको विभिन्न बैंक खातों में निवेश राशि भेजने के लिए प्रेरित किया।

## गूगल पे अकाउंट को जांचते समय खाते से उड़े 1.19 लाख

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

फोन पर मैसज के बाद एक व्यक्ति को अपना बैलेंस चैक करना महंगा पड़ गया। व्यक्ति के खाते से एक लाख 19 हजार रुपये गायब हो गए। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। गांव सिवाहा निवासी मनोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत चार फरवरी को उसके फोन पर यस बैंक का गुगल पे पर मैसज आया। जिस 0.78 पैस आए थे। जब उसने अपने गुगल पे अकाउंट को चैक किया तो उसके खाते से दो लाख 19 हजार 614 रुपये बैलेंस था। देखते देखते उसके खाते से एक लाख 19 हजार रुपये गायब हो गए। जिसके बाद उसका फोन हैक हो गया। न तो फोन आ रहा था और न ही काल हो पा रही थी। जिसके बाद वह यस बैंक पहुंचा और मैनेजर से मिला। उन्होंने बताया कि उसके साथ फ्रॉड हुआ है। जिसकी तुंरत शिकायत टोल फ्री नंबर की गई। साइबर थाना पुलिस ने मनोज की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर थाना के जांच अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि पार्टल पर शिकायत मिली थी।

# नौकरी दिलवाने का झांसा देकर 13.80 लाख हड़पे

- विदेश में टैक्स सहायक लगवाने का झांसा देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विदेश भेज सेटल करवाने का झांसा देकर 13 लाख 80 हजार रुपये हडपने पर शहर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजेंद्र नगर निवासी नवीन ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह जुलाई 2025 मे गांव पाली जिला हांसी निवासी दीपक की शादी में गया हुआ था। वहां पर दीपक ने उसकी मुलाकात गांव कनवाह निवासी अमित से करवाई। अमित ने 25 जुलाई 2025 को उसके पास एक ज्वायनिंग लैटर भेजा। जो भारतीय खाद्य निगम का था। उसने कहा कि वह भी उसे नौकरी लगवा देगा और विदेश भी भेज देगा। उसे टैक्स सहायक का पद मिलेगा। उसे विदेश से आने वाले रुपयों पर नजर रखनी है। उसकी पोस्टिंग विदेश अंबेसी में होगी। झांसे में आकर उसने हां कर दी। उसके लिए उसे सीट बुक करवाने के लिए तीन लाख रुपये देने होंगे। जिसके बाद आरोपित ने पांच लाख रुपये और अपनी मां के खाते मे डलवा लिए। आरोपितों ने इस प्रकार से उससे 13 लाख 80 हजार रुपये अपने तथा जानकार गुरूग्राम निवासी टाइगर के खाते में डलवा लिए। जब उसने ज्वायनिंग लैटर मांगा तो तारीख जाने की बात कही। जल्द ही दूसरा ज्वायनिंग लैटर दिलाने की बात कही। बावजूद इसके उसे नौकरी नही मिली और न ही राशि को वापस लौटाया। शहर थाना पुलिस ने नवीन की शिकायत पर दीपक, अमित तथा टाइगर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर थाना के जांच अधिकारी भगवत ने कहा कि विदेश में नौकरी का झांसा देकर राशि हड़पने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बैंक में गिरवी सोने के नाम पर हड़पे 5.65 लाख

**जींद।** बैंक में गिरवी रखे सोने को छुड़वा पीड़ित को देने का झांसा देकर एक व्यक्ति को पांच लाख 65 हजार रुपये का चूना लगा दिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरूग्राम निवासी देवराज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 20 जनवरी को गांव शील्लाखेड़ी निवासी विनोद की कॉल आई। जिसने बताया कि उसका सोना बैंक में गिरवी रखा है। जिसे छुड़वाने के लिए पांच लाख 65 हजार रुपये की जरूरत है। जिसकी कीमत ज्यादा है। छुड़वाने के साथ उसे सोना दे देगा। आरोपित ने उसे अपने गांव बुला लिया। 24 जनवरी को वह गांव शीलाखेड़ी पहुंचा। विनोद के माता-पिता तथा भाई मिले। विनोद ने खाता नंबर देते हुए राशि खाते में डालने को कहा। जिस पर उसने राशि का दिए खाते में डाल दिए। जिसके बाद आरोपित दो मिनट में आने की बात कह कर फरार हो गया।

## रोडवेज बस की टक्कर से नेपाली मजदूर की मौत

- गांव छात्तर के पास हादसा चालक बस सहित फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव छात्तर के निकट रोडवेज बस की चपेट में आने से नेपाली मजदूर की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक मजदूर के चाचा शिकायत पर फरार बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दांग जिला तुलसीपुर नेपाल निवासी बैगम थापा गांव छात्तर के निकट जेडी फीड में मजदूरी करता था। बीती देर शाम बैगम थापा राशन लेने के लिए पैदल गांव छात्तर जा रहा था। उसी दौरान गांव थुआ की तरफ से आ रही रोडवेज बस ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें बैगम थापा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक बस समेत फरार हो गया। राहगीरों ने उचाना नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के चाचा चंद्र थापा ने पुलिस को बताया कि उसकी भतीजा बैगम उसके साथ मिल में चौकीदारी करता था। देर शाम को वह राशन लेने के लिए गांव जा रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसे टक्कर मार दी।

## निकाय चुनाव में पीएम मोदी व सीएम सैनी के विकास पर लगी मोहर : डॉ. भारत भूषण टाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक, प्रचंड एवं अभूतपूर्व विजय को प्रदेश की जनता द्वारा विकास, राष्ट्रवाद और सुशासन की राजनीति पर लगाए गए विश्वास की सबसे बड़ी मुहर बताते हुए भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री डा. भारत भूषण टाक ने प्रदेशवासियोंएभाजपा कार्यकर्ताओं एवं संगठन के सभी पदाधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह विजय केवल चुनावी सफलता नहीं है बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रवादी सोच, गरीब कल्याण की नीतियों तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पारदर्शी, एवं जनहितैषी प्रशासन पर जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। हरियाणा की जनता ने निकाय चुनावों में भाजपा को प्रचंड समर्थन देकर यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि प्रदेश अब केवल विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति को ही स्वीकार करता है।

### भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा लगातार बढ़ रही



कहा कि हरियाणा की जनता ने निकाय चुनावों में परिवारवाद, भ्रष्टाचार, जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति को पूरी तरह नकार दिया है। कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ आज आमजन तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों को पक्के मकान मिले, उज्ज्वला योजना से माताओं व बहनों को धुएं से मुक्ति मिली है। भाजपा संगठन एवं बूथ स्तर तक कार्य करने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं की सराहना करते कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित और समाजसेवा की भावना से कार्य करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व राजनीति, अर्थव्यवस्था, तकनीक और सुरक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा लगातार बढ़ रही है। वहीं सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सुशासन पारदर्शिता और विकास का मॉडल बनकर उभर रहा है।


उचाना। हड़ताल समाप्त होने के बाद कूड़ा-कर्कट उठाते उचाना सफाई कर्मचारी।

### हड़ताल समाप्त होने से आमजन को मिली राहत

**उचाना।** 14 दिनों से चली आ रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त होने पर आमजन ने राहत की सांस ली। हड़ताल के चलते बाजारों, गलियों में जगह-जगज कूड़े के ढेर लगने लगे थे। कूड़ा-कर्कट जगह-जगह सड़कों पर फैलने लगा था। बीमारी फैलने का डर लोगों में बना हुआ था। हड़ताल समाप्त होने के बाद सफाई कर्मचारियों के काम पर लौटने के बाद कूड़ा-कर्कट उठाने का कार्य शुरू हुआ। सफाई कर्मचारी प्रधान शीला, राजेश राणा ने बताया कि 14 मई को हड़ताल समाप्त हो गई थी। सफाई कर्मचारियों द्वारा अपना कार्य शुरू कर दिया है। आमजन को किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। हकों की लड़ाई के लिए हड़ताल करने को मजबूर हुए थे। कोई भी कर्मचारी हड़ताल तब तक करता है जब उनकी मांगों की सुनवाई सरकार नहीं करती।

### एंटी नारकोटिक सैल ने नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई राजेश कुमार की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान चीका क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि चीका निवासी विशाल कुमार आस पास क्षेत्र में नशीला पदार्थ हेरोइन बेचने का कार्य करता हैं जो अभी नशीला पदार्थ हेरोइन बेचने के लिए पेहोवा चीका रोड़ पर बेचने के लिए आने वाला हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत रेडिंग पार्टी गठित कर पेहोवा चीका रोड़ पर छुपाव करते चीका की तरफ से पैदल आए संदिग्ध चीका निवासी विशाल को काबु कर लिया गया। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार बलराज के समक्ष नियमानुसार ली गई तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे में प्लास्टिक पन्नी से 6.60 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### वर्ष 2026 में अब तक नही आया कोई डेंगू का केस, गत वर्ष आए थे 109 केस

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस आज: स्वास्थ्य अभियानों से डेंगू के मामलों में जींद को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डेंगू बीमारी को फैलने से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सैंपलिंग को बढ़ा दिया है। स्वास्थ्य विभाग की 200 से अधिक टीमें लगातार फिल्ड में काम कर रही हैं और विशेष रणनीति के तहत तीन तरह से सैंपलिंग कर डेंगू और मलेरिया को रोकने का काम कर रही हैं। जिले की बात की जाए तो सबसे ज्यादा वर्ष 2015 में 668 डेंगू के मामले सामने आए थे। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान से साल दर साल डेंगू का प्रकोप कम होता चला गया। विभाग की तरफ से सितंबर व अक्टूबर माह डेंगू के लिए पीक सीजन माना जाता है। डेंगू का मच्छर साफ पानी पर पनपता है। यह मौसम मच्छरों के पनपने लिए पूरी तरह से अनुकूल है। अब एक बार फिर डेंगू और मलेरिया के केस सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। यह हैं डेंगू के लक्षण : डिप्टी सीएमओ एवं जिला मलेरिया अधिकारी डा. बिजेंद्र ढांडा ने बताया कि अबतक चार हजार से अधिक लोगों के सैंपल लिए जा चुके हैं और 800 से ज्यादा डेंगू टैस्ट किए गए हैं। यदि तीव्र बुखार, सिर के अगले हिस्से में तेज दर्द, आंख के पिछले भाग में दर्द, भूख कम लगना, मांसपेशियों एवं जोडों में दर्द, शरीर पर खसरे जैसे दाने निकलना व उल्टी आना तथा जी मचलने पर मरीज को तुरंत अपने आसपास के स्वास्थ्य केंद्र या स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पास ले जाकर खून की जांच करवानी चाहिए। स्वास्थ्य निरिक्षक राममेहर वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की 200 से अधिक टीमें घर-घर दस्तक दे रही हैं। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बुखार से पीड़ित लोगों के खून के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए जागरूक करते हुए पोस्टर आदि भी वितरित किए जा रहे हैं। डेंगू टेस्ट के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिक अस्पताल प्रशासन को एलिसा रीडर एंड वॉशर नामक मशीन उपलब्ध करवाई गई हैं। इस मशीन के माध्यम से डेंगू टेस्ट की रिपोर्ट मात्र चार से पांच घंटे में ही उपलब्ध हो जाती है।


जींद। मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर शपथ दिलाते स्वास्थ्यकर्मी।

### स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें

डिप्टी सीएमओ एवं जिला मलेरिया अधिकारी डा. बिजेंद्र ढांडा ने बताया कि डेंगू व मौसमी बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग कर्मी लगातार फीवर मास सर्वे कर रहे हैं। लोगों को लगातार मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें बुखार पीड़ितों की लगातार स्लाइडें बना रही हैं। आमजन को चाहिए कि वो स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

वार्षिक आंकड़े

| वर्ष | डेंगू |
|---|---|
| 2015 | 668 |
| 2016 | 157 |
| 2017 | 135 |
| 2018 | 98 |
| 2019 | 47 |
| 2020 | 28 |
| 2021 | 622 |
| 2022 | 535 |
| 2023 | 420 |
| 2024 | 10 |
| 2025 | 109 |
| 2026 | अबतक केस नही मिला |